भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3742

दिनांक 25 मार्च 2026 / 04 चैत्र, 1948 (शक) को उत्तर के लिए

दूसरे चरण की जनगणना के लिए प्रश्नावली

3742 श्रीमती राजाथीः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जातिगत गणना संबंधी प्रश्नों सहित जनगणना के दूसरे चरण के लिए विस्तृत प्रश्नावली का ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रश्नों को अंतिम रूप देने और उन्हें अधिसूचित करने के लिए अपनाई गई विस्तृत चरण-दर – चरण प्रक्रिया क्या है; और

(ग) क्या मंत्रालय ने प्रश्नावली के प्रारूप को राज्य सरकारों के पास उनकी प्रतिक्रिया और टिप्पणियों के लिए परिचालित किया है ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ग): द्वितीय चरण (जनसंख्या जनगणना) के लिए प्रश्न, जिसमें जाति से संबंधित प्रश्न भी शामिल होंगे, जनगणना के द्वितीय चरण के प्रारंभ से पूर्व अधिसूचित किए जायेंगे। जनगणना प्रश्नावली को प्रत्येक जनगणना से पूर्व विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, संगठनों तथा जनगणना आंकड़ों के उपयोगकर्ताओं आदि से प्राप्त सुझावों/इनपुट के आधार पर अंतिम रुप दिया जाता है। द्वितीय चरण के लिए जाति सहित सभी प्रश्न स्थापित प्रक्रिया के अनुसार अंतिम रूप देकर अधिसूचित किए जाएंगे।

*****